दिनांक-06.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध रूप से निर्मित किए गए मार्गसंरचना को निगम की जेसीबी ने किया ध्वस्त , वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र में हुई.कार्यवाही

भिलाईनगर/ आज लगातार चौथे दिन भी निगम की टीम द्वारा अवैध रूप से तैयार किए गए मार्ग संरचना को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई! नगर पालिक निगम भिलाई के कुरूद क्षेत्र अंतर्गत लोही पारा मे अवैध रूप से निर्मित मार्ग संरचना तैयार किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुरूद में अनाधिकृत रूप से तैयार किए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से हटाया गया। मौके से 4 हाइवा मुरम भी जप्त किया गया। निगम भिलाई द्वारा अवैध निर्माण, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व भी कुरूद क्षेत्र,शांतिनगर में पटवारी बाड़ी के पास तथा बाबा दीप सिंह नगर क्षेत्र मे इसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण करने वालों पर कार्यवाही की गई थी। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध प्लाटिंग , अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं जिस पर जोन आयुक्त जोन क्रमांक 02 सुनील अग्रहरि द्वारा आज कुरूद लोही पारा क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित किए गए मार्ग संरचना को जगह जगह से खंडित करने की कार्यवाही की गई है।

जनसम्पर्क अधिकारी